>

Title : Need to provide honorarium to teachers appointed in Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas at par with those of Jawahar Navodaya Vidyalayas.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** केन्द्र सरकार ने देश के ग्रामीण इलाकों में बालिकाओं को शिक्षा दिलाने हेतु कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय योजना पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। उसी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में सन् 2004 से 746 विकास खंडों में कस्तूरबा योजना लागू की गई है। लेकिन अभी तक केवल हाई स्कूल के स्तर की पढ़ाई होने से गरीब लड़कियां इंटरमीडियट की पढ़ाई से वंचित हो रही हैं। अभी उक्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं वार्डन को संविदा के अंतर्गत मानदेय मिल रहा है। जबकि उसी तरह के संविदा शिक्षकों को नवोदय विद्यालय में 18,000 रूपये मिल रहा है। राज्य के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों के वेतन में दो से तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। दूसरी तरफ, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं स्टॉफ के मानदेय में कटौती एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया भी होती है। जबकि सरकार ने समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने का सिद्धांत लागू किया गया है। इसके बावजूद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों को पर्याप्त मानदेय व सुविधाएं नहीं मिल रही है। अस्तु इस लोक महत्व के प्रश्न पर कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के शिक्षकों एवं स्टाफ को नवोदय विद्यालय के संविदा शिक्षकों की तरह मानदेय एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया से मुक्त करने की मांग करता हूं।